कई देश यूपी में निवेश करने के इच्छुक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंज (डब्ल्यूएफई) और 30 से अधिक देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों की हुई उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश में कारोबारी साझेदारी पर चर्चा की गई। प्रदेश की ओर से वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने सभी का स्वागत करते हुए आर्थिक परिवर्तन का उल्लेख किया। इस दौरान 'उत्तर प्रदेशः गेटवे टू ग्लोबल इन्वेस्टमेंट-फ्राइनेंशियल लीडर्स डॉयलॉग' परिचर्चा में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी मजबूत करने तथा व्यापार, आर्थिक सहोयग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

वित्त मंत्री ने सिंगल विंडो सिस्टम, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत किए गए सुधारों और 40 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों का उल्लेख किया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एनएसई इंडिया के वरिष्ठ सलाहकार शैलेश पाठक और डब्ल्यूएफई की सीईओ नंदिनी कुमार ने किया। इसमें नैस्डैक, हांगकांग एक्सचेंजेज तथा घाना, वारसा, लक्जमबर्ग, नाइजीरिया, ताइवान और अबू धाबी सहित विभिन्न देशों के स्टॉक एक्सचेंजों के प्रतिनिधि शामिल रहे। कई प्रतिनिधियों ने अपनी कंपनियों के लिए जीसीसी स्थापित करने की संभावनाएं भी तलाशीं।



लखनऊ में शुक्रवार को तीस से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में यूपी में निवेश की संभावनाएं टटोलीं और नीतियों पर चर्चा की।